been requested to consider postponing the intended closure by 3 months so as to give adequate time to the U. P. Government for strengthening the Road services. Independently a survey for a Broad Gauge line to link Delhi with Saharanpur is under way and a decision would be taken after examination of the survey report on its receipt.

(e) It has been suggested that the Government of U. P. should augment the road services. If in the meantime, the U. P. Government agree to run the Railway, the problem of inconvenience to the public may not arise.

### इस्पात का वितरण

3155. श्री लखन लाल कपूर : क्या इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पात के दोषपूर्ण वितरण से देश के लघु उद्योगों के विकास में बाधा पड़ी है ;

(ख) विशेषकर लघु उद्योगों के लिए, राज्यवार बिलेट का कोटा कितना है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि बिहार तथा आसाम के लिए बिलेटो का कोटा नाम मात्र के लिए नियत किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इसे बढ़ाने का है ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि 18 करोड़ रुपये के मूल्य का लोहा प्रति वर्ष आयात किया जाता है, यदि हां. तो इस संबंध में सरकार की वितरण नीति क्या है ?

इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (ग). इस समय बिलेट की भारी कमी को देखते हुए इनका आवन्टन केवल पंजीकृत पुनर्वेलको को तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित की गई उनकी क्षमता के आधार पर किया जाता है । इसमें इस बात का कोई ध्यान नहीं रखा जाता कि पुनर्वेलनीय किस क्षेत्र में स्थित है । अपंजीकृत पुनर्वेलक बिलेट प्राप्त करने के हकदार नहीं है । वे पुनर्वेलनीय रद्दी लोहे का इस्तेमाल करते हैं परन्तु बिलेट के आवण्टन में बेलिंग हूप्स टविस्टिड डीफनेपंड बारस, वायर राड, रेलवे सामग्री आदि जैसी विशेष श्रेणियों के लिए कुछ कोटा रखा गया है । अत: ऐसे पुनर्वेलको को जो न तो निर्यात करते हैं और न विशेष प्रकार का सामान तैयार करते हैं उन पुनर्वेलको की तुलना में जो ऐसा करते हैं बिलेट का कोटा कम दिया जाता है । आवण्टन नीति में इस बात की व्यवस्था की गई है कि किसी भी पंजीकृत पुनर्वेलक को एक मास में 150 टन से कम कोटा नहीं दिया जाएगा । इस प्रकार सभी राज्यों के (आसाम और बिहार भी शामिल है) छोटे पुनर्वेलकों के हित की रक्षा की गई है ।

(घ) चालू वर्ष में आयात लिए जाने वाले इस्पात की मात्रा के बारे में ठीक रूप से नहीं बताया जा सकता क्योंकि वास्तविक उपभोक्ताओं द्वारा भी इसका आयात किया जाएगा । फिर भी, वास्तविक उपभोक्ताओं द्वारा किये जाने वाले आयात के अलावा, हिन्दुस्तान स्टील लि० भी निर्यात करने वाले इंजीनियरी उद्योगों की और लघु उद्योगों की आवश्यकता पूर्ति के लिए थोक आयात कर रही है । लघु उद्योगों के लिए 10 करोड़ रुपये के मूल्य का इस्पात आयात करने का प्रस्ताव है । आयात किया गया इस्पात उद्योग निदेशकों और लघु उद्योग निगमो के साथ परामर्श करके दिया जाएगा ।

### Increase in Price of Fans

3156. SHRI INDERJIT GUPTA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND INTERNAL TRADE be plea-